दैनिक
न्याय साक्षी
छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर
रायगढ़, शनिवार 26 अक्टूबर 2019
www.nyaysakshi.com


# मुख्यमंत्री ने धनतेरस पर नवा रायपुर में राजभवन, मुख्यमंत्री निवास सहित अन्य आवासीय परिसरों का किया भूमिपूजन

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज धनतेरस के अवसर पर यहां नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-24 में 591.75 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले राजभवन, मुख्यमंत्री निवास, विधानसभा अध्यक्ष निवास, मंत्रीगणों के आवास गृह एवं वरिष्ठ अधिकारियों के आवासीय परिसर का भूमिपूजन किया। समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत और मंत्री परिषद्



के सदस्यों एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहां कि नई राजधानी का शिलान्यास सोनिया गांधी ने वर्ष 2001 में किया था, तब से लेकर अब तक यहां हजारों करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ। सड़कें बन गयी, बिजली पानी की व्यवस्था भी हो गई लेकिन शहर अब तक नहीं बस पाया है। उन्होंने कहा कि देश में कई राज्यों में नई विकसित की गई राजधानियों में भी अब तक बसाहट नहीं हो पाई है, इसी तथ्य को ध्यान में रखकर हमने यह फैसला किया है पहले यहां मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री परिषद के सदस्य और सभी वरिष्ठ अधिकारी रहेंगे, तो धीरे-धीरे शहर बसेगा। छोटे अधिकारी कर्मचारी भी यहां बसेंगे, तो बाजार और अस्पताल भी विकसित होंगे। बघेल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को धनतेरस पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने इस अवसर पर कहा कि हम सब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं । गांव से लेकर नवा रायपुर राजधानी तक गढ़ने का काम हम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बने 19 बरस हो गए हैं लेकिन अब तक यहां निवेश की गई राशि का कितना उपयोग हुआ है, यह हम सब जानते हैं, धनतेरस के पावन अवसर पर आज नवा रायपुर में लगभग 591 करोड़ रुपए की इस परियोजना का भूमि पूजन किया गया है, जिससे यहां शहर बसे। लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि इस आवासीय परियोजना को पूरा करने के लिए अधिकारियों की एक टीम गठित की गई है। जिसे समय सीमा और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस टीम के अधिकारी परियोजना के शुरू होने से लेकर इसके पूरा होने तक का कार्य करेंगे, जिससे उनकी जिम्मेदारी भी तय की जा सकेगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पिता की हैवानियत, अपने दो मासूम बच्चों की गला दबाकर की हत्या

#### » लाश को कुएं में फेंका

**बिलासपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के पचेपडी क्षेत्र में एक हैवान पिता ने गहरी नींद में सो रहे अपने दो बच्चों को मौत के घाट उतार दिया। पिता ने गला दबाकर दोनों बच्चों की हत्या की, फिर शव को कुएं में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। पचपेड़ी थाना क्षेत्र के सोनसरी गांव में रहने वाले दशरथ विश्वकर्मा ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने 10 वर्षीय बेटे सुमित और 8 साल की बेटी आशा का गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई, फिर उसने उनके शव को कुएँ में फेंक दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों का शव कुएं से निकाल लिया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वही आरोपी दशरथ विश्वकर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है, आखिर ऐसा क्या हो गया था, कि उसने अपने दोनों मासूम बच्चो को मौत के घाट उतार दिया।

### बैंक से पैसा निकालकर लौट रहे व्यक्ति का 40 हजार से भरा थैला पार

#### » आरोपी बाईक सवार युवक की तलाश में जुटी पुलिस

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले के तखतपुर में बैंक से 40 हजार रुपये निकालकर झोले को बाइक में टांग कर अपने परिचित से बात कर रहे व्यक्ति के पीछे से एक युवक आया, और दुपहिया वाहन से टंगे झोले को निकालकर फरार हो गया। 3 दिन के भीतर तखतपुर में यह दूसरी घटना है। जानकारी के अनुसार तेजराम सिंगरौल जो कि ग्राम मोछ का निवासी है, वह अपने कार्य से काठाकोनी स्टेट बैंक की शाखा से 40000 निकालकर तखतपुर खरीदी करने आ रहा था। तभी सरदार पेट्रोल पंप के पास गजेंद्र नगर में निरंजन ऑटो रिपेयरिंग के पास अपनी दुपहिया वाहन खड़ा करके अपने एक परिचय से मिलने के लिए पास की दुकान में जैसे ही गया, वहां पर खड़े दुपहिया वाहन में जो झोला टंगा हुआ था। जिसमें बैंक से 40000 निकालकर रखे हुए थे। उस झोले को एक दुपहिया वाहन चालक जो हेलमेट पहना हुआ था, वह थैले को निकाल कर बिलासपुर की ओर भाग निकला। घटना की रिपोर्ट पर तखतपुर पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### शबरी नदी में डूबकर युवक की बनी जल समाधि

**सुकमा (आरएनएस)।** कोंटा के शबरी नदी में नहाने गये एक व्यक्ति की डूबने की जानकारी मिली है। डूबे व्यक्ति का नाम नीली साई उम्र 23 वर्ष बताया जा रहा है। यह युवक कोंटा नगर के बगल से गुजरती शबरी तट गांधी चौक के पास के घाट पास डूबा है। जिसकी तलाश नगर पंचायत के कर्मचारियों व अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

### अवैध रूप से शराब रखने के जुर्म में तीन गिरफ्तार, 35 पाव देशी व अंग्रेजी शराब एवं 4 अद्धी देशी जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** आजाद चौक व सेज बहार थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब के साथ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 35 पाव देशी व अंग्रेजी व 4 अद्धी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आजाद चौक थाना पुलिस ने 24 अक्टूबर को बगीचापारा रामकुंड में अमर सिंह निर्मलकर 65 वर्ष पिता टापलाल निर्मलकर को गिरफ्तार कर उसके पास से 29 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। वहीं सेजबहार थाना क्षेत्र में बाजार चौक सिवनी के पास कृष्णा पटेल 27 वर्ष पिता दुलाल पटेल को गिरफ्तार कर उसके पास 6 पाव देशी शराब जब्त किया गया है व राजा तालाब सिवनी सेजबहार में राजू साहू 35 वर्ष पिता स्व. राजी साहू को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से 4 अध्धी देशी शराब जब्त किया गया है।

## नवनिर्वाचित विधायक राजमन बेंजाम को विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

**रायपुर (आरएनएस)।** चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक राजमन बेंजाम को आज यहां विधानसभा स्थित विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, संसदीय कार्य मंत्री रविंद्र चौबे सहित मंत्रिमंडल के अनेक सदस्य और विधायक मोहन मरकाम तथा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रियों और विधायकों ने बेंजाम को बधाई और शुभकामनाएं दी।



## दपूमरे ने सघन टिकट चेकिंग अभियान कर लगभग पौने दो लाख रूपए राजस्व वसूला

**रायपुर (आरएनएस)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें ।



टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 24 अक्टूबर 2019 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 68 मामलों से 33,655 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, वही अनियमित टिकट के 245 मामलों से 1,14,025 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, अन बुकड़ लगेज के 454 मामलों से 46,190 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ एवं रेलवे परिसर में गंदगी फैलाने वालों 02 मामलों से 200 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, कुल 769 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 1,94,070 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया ,इस टिकट चेकिंग अभियान में 26 टीटीई, 01 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक,रेलवे सुरक्षा बल 1 द्वारा 06 लोकल एवं लगभग 22 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई। यात्रियों से अनुरोध है कि वह उचित टिकट लेकर यात्रा करें आगे भी यह अभियान लगातार जारी रहेंगे।

## 50 हजार नगदी समेत पांच जुआरी पकड़ाये

**जगदलपुर (आरएनएस)।** परपा थाना क्षेत्र के आसना काजू प्लांट में जुआ खेलते हुए पुलिस ने पांच लांगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 50 हजार रूपए बरामद किए गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कवि आसना के काजू प्लांट के अंदर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इन सभी को गिरफ्तार कर परपा थाना लाया गया। इनके पास से 50 हजार 610 रूपए व 5 मोबाईल, तीन दुपहिया वाहन बरामद किया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

आवश्यकता है
CAREER SCHOOL
अंग्रेजी माध्यम (English Medium)
में कक्षा 8 वीं, 9वीं एवं 10वीं के लिए
गणित एवं अंग्रेजी विषय हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है।
वेतन योग्यतानुसार
मिलने का समय- सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक
अभ्यार्थी अपना संपूर्ण बायोडाटा के साथ उपस्थित होवें।
CAREER SCHOOL
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, रायगढ़

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य बिन्दु
पीड़ित संपर्क करें
अन्य बिन्दु
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU




तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090
ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090